जून, 1980 के अन्तिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार राजस्थान राज्य में कृषि के लिए दिए गए वाणिज्यिक बैंकों के कुल अग्रिम 492.51 करोड़ रुपये के थे जबकि जालोर तथा सिरोही जिलों में दिये गए अग्रिम 3.73 करोड़ रुपये के थे। जून 1981 के अन्त की स्थिति के अनुसार राजस्थान में 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कुल ऋणों तथा अग्रिमों की बकाया राशि 23.77 करोड़ रुपये थी । जून, 1981 के अन्त की स्थिति के अनुसार पाली, सिरोही तथा जालोर जिलों में कार्यरत मारवाड़ ग्रामीण बैंक, पाली के सिरोही तथा जालोर जिलों के सम्बन्ध में ऋणों और अग्रिमों की बकाया राशि 4.16 करोड़ रुपये बैठती है ।

बोकारो इस्पात संयंत्र की परिसरीय ग्रामीण विकास योजना की प्रगति

3363. **श्री रुद्र प्रताप षांडगी : क्या इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बोकारो इस्पात संयंत्र की परिसरीय ग्रामीण विकास योजना की प्रगति रुक गई है; और

(ख) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुई है और भावी कार्यक्रम की रूप रेखा क्या है ?

वाणिज्य तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी): (क) जी, नहीं।

(ख) बोकारो इस्पात कारखाने में लगभग 4.28 करोड़ रुपये की कुल लागत से बहुत सी योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। इनमें बनसिमली गांव के पास गर्ग नदी के ऊपर पैदल चलने वालों के लिए एक पुल का निर्माण, भिन्न-भिन्न गांवों में 20 हैंड-पम्प और 4 रिग-बोरपम्प लगाना, 5 स्कूलों की इमारतों की मरम्मत, बनगांव में एक प्राथमिक विद्यालय के लिए भवन का निर्माण और 1980 में सूखे के दिनों में तो पचन्की झील से गाद निकालना शामिल है । इसके अलावा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 2226 लोगों को शिक्षित किया गया है और डाक्टरी योजना के अन्तर्गत 1582 रोगियों का इलाज किया गया है ।

वर्ष 1981-82 में कुछ और योजनाएं शुरु की जाएंगी जिन पर कुल मिला कर लगभग 8 लाख रुपये खर्च होंगे। इन योजनाओं में 5 स्कूलों की मरम्मत, तेलमोटू पुल पर यातायात के लिए ट्रैफिक सिगनल की व्यवस्था, सेक्टर-8 के पास गर्ग नदी पर पैदल चलने वालों के लिए पुल का निर्माण कर्मपाड़ा में सामुदायिक केन्द्र तथा एक स्कूल की इमारत का निर्माण, एक स्कूल की इमारत की मरम्मत और उसका विस्तार तथा किरिबुरु लोह-अयस्क खान के क्षेत्र में चलती-फिरती चिकित्सा-गाड़ी की सुविधा शामिल है ।

Proposal to run Binny Garment Factory Through Women's Multipurpose Co-operative Society

3364. SHRI GEORGE FERNANDES:

Will the Miniser of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether the employees of Binny Garment factory which is lying closed from June, 4, 1981, have approached the Government with the proposal that they would like to run the factory through a Women's Multi-purpose Co-operative Society formed by the retrenched employers; and

(b) if so, Government's response thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KHURSHEED ALAM KHAN): (a) Yes, Sir.

(b) This is a matter on which the management of the Company has to take a decision.